# UP News: Bisleri की जगह थमाई Bilseri, DM का बड़ा एक्शन, नकली बोतलों पर चलवा दी बुलडोजर

उत्तर प्रदेश के बागपत से एक चौंका देने वाला मामला सामने आया है. यहां के डीएम जितेंद्र प्रताप सिंह जब तहसील संपूर्ण समाधान दिवस के बाद जिले की सीमावर्ती पुलिस चौकी निवाड़ा पहुंचे तो उन्हें बिसलेरी पानी की बोतल की जगह बिलसेरी की बोतल दी गई. नकली पानी की बोतल देख डीएम हैरान रह गए और जिसके बाद उन्होंने नकली बोतलों पर बुलडोजर चलवा दिया.

**बिसलेरी की जगह मिली बिलसेरी**

जब बी हम गर से बाहर जाते हैं तो बिसलेरी जैसे अच्छी क्वालिटी वाले पानी की मांग करते हैं. लेकिन बाजारों में बिसलेरी से मिलते जुलते नाम से लोग नकली पानी बेचते हैं. अक्सर लोग इन नकली बोतलों का पानी पीकर बीमार पड़ जाते हैं. ऐसा ही हुआ जब बागपत में डीएम को नकली पानी की बोतल दी गई. उन्होंने तुरंत खाद्य सुरक्षा विभाग को पुलिस चौकी निवाड़ा पर बुलाया और पानी की शुद्धता की जांच करने का आदेश दिया.

Source: https://www.dnaindia.com/hindi/india/news-up-bagpat-news-collector-run-bulldozer-on-duplicate-bisleri-bottles-4135210